आत्म विश्वास से सफलता हासिल कर सकते हैं: दीपक

नायब तहसीलदार दीपक धांगड़ कॉलेज विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

युवा खुद पर विश्वास से वाजिब

महम, 25 जनवरी (प्रीत) : राजकीय महाविद्यालय, महम में प्लेसमैंट सैल के अंतर्गत सफलता मन्त्र विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान करवाया गया। मुख्य वक्ता नायब तहसीलदार दीपक धांगड ने विधार्थियों को सफलता के मूल-मन्त्र विस्तार से बताए, जो रोजगार प्राप्ति में विशेष उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि खुद पर विश्वास कायम करते हुए सफलता प्राप्त करना बेहद सरल है। नायब तहसीलदार धांगड़ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले बच्चे हीन भावना से ग्रसित न हो, बल्कि सकारातमक सोचें और विश्वास बनाएं रखें। वे स्वयं एक ग्रामीण क्षेत्र से संबंध रखते हैं। उन्होंने आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स व कंप्यूटर साइंस के उपलब्ध विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी और उनमें से सर्वोत्तम विकल्प के चुनाव पर भी प्रकाश डाला। इसके अलावा प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी, ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू स्किल्स के विकास पर भी अपने अनुभव सांझा किए।

बच्चों ने उनका अनुसरण करते अपने सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। वक्ता कार्यक्रम अध्यक्ष एवं कॉलिज प्राचार्या डा. संतोष हुड्डा ने भी बच्चों को संबोधित किया। इस मौके पर सभी प्राध्यापक व प्राध्यापिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डा. सुनील कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन प्रो. एन एन यादव व प्रो. रोहित कुमार ने किया। इस मौके पर रोमी, कुसुम, प्रदीप मलिक, अनिल, अनिल दलाल व दीपक आदि स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

अदालती ईश्तहार
न्यायालय श्री सुभाष चन्द सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, कलानौर।

अदालती ईश्तहार
न्यायालय श्री सुभाष चन्द सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, कलानौर।